धान का समर्थन मूल्य 100 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा, तिल का 523 रुपये

2022-23 सीज़न में सरकारी खरीद के लिए खरीफ़ फ़सलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में सबसे अधिक बढ़ौतरी तिलहनों व दालों की गई है, जिसकी घोषणा भारत सरकार ने 8 जून को की। सबसे ज़्यादा बढ़ौतरी तिल के न्यूनतम समर्थन मूल्य में की गई है जो कि पिछले सीज़न यानि 2021-22 से 523 रुपए प्रति क्विंटल ज़्यादा है। अनाज में, धान का समर्थन मूल्य 100 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है।

खाद्यान्न फसलों में धान के समर्थन मूल्य में 100 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है। धान की सामान्य किस्मों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,040 रुपये प्रति क्विंटल है जबकि ग्रेड ए किस्मों के लिए यह 2,060 रुपये प्रति क्विंटल है। मक्का का समर्थन मूल्य 92 रुपये बढ़ाकर 1,962 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

खरीफ तिलहन में तिल का न्यूनतम समर्थन मूल्य 523 रुपये बढ़ाकर 7,830 रुपये प्रति क्विंटल और मूंगफली के लिए 300 रुपये बढ़ाकर 5,539 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

दलहनों में मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 480 रुपये बढ़कर 7,755 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। अरहर और उड़द (काला चना) का समर्थन मूल्य 300-300 रुपये बढ़ाकर 6,600 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

लंबे और मध्यम रेशे वाली कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य 355 रुपये और 354 रुपये बढ़ाकर क्रमश: 6,380 रुपये प्रति क्विंटल और 6,080 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

2022-23 सीज़न में सरकारी खरीद के लिए खरीफ फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य

फसल	**2022-23 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल)**	**2021-22 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल)**	**बढ़ौतरी (रुपए/कुइंटल)**	**बढ़ौतरी (प्रतिशत)**
धान (सामान्य)	2,040	1,940	100	5.15%
धान (ग्रेड ए)	2,060	1,960	100	5.15%
ज्वार (हाइब्रिड)	2,970	2,738	232	8.47%
ज्वार (मलडंडी)	2,990	2,758	232	8.41%
बाजरा	2,350	2,250	100	4.44%
रागी	3,578	3,377	201	5.95%
मक्का	1,962	1,870	92	4.91%
तुअर (अरहर)	6,600	6,300	300	4.76%
मूंग	7,755	7,275	480	6.59%
उड़द	6,600	6,300	300	4.76%
मूंगफली	5,850	5,550	300	5.45%
सूरजमुखी के बीज	6,400	6,015	285	6.30%
सोयाबीन (पीली)	4,300	3,950	350	8.86%
तिल	7,830	7,307	523	7.15%
नाइजरसीड	7,287	6,930	357	5.15%
कपास (मध्यम रेशा)	6,080	5,726	354	6.18%
कपास (लंबा रेशा)	6,380	6,025	355	5.89%